  चूँकि इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस (रेफ्रिजरेंट R-600a) मौजूद है, इसलिए इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करें। रोधन को उड़ाने वाली गैस के रूप में साइक्लोपेंटेन का उपयोग किया गया है।
  रोधन सामग्री में स्थित गैसों के निपटान के लिए विशेष निपटान प्रक्रिया की आवश्यकता होती है।
  इस उत्पाद के पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित निपाटन के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकरणों से संपर्क करें।
  निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे लगे कोई पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है।
  पाइपों को खुले स्थान पर तोड़ा जाना चाहिए।

- अंदर फँसने पर बच्चों को चोट लग सकती है और दम घुटने से मृत्यु हो सकती है।

- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।

- सभी पैकेजिंग सामग्रियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें, क्योंकि पैकेजिंग सामग्री बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है।

- अगर बच्चा किसी बैग को अपने सिर पर रख लेता है, तो उसका दम घुट सकता है।

DA68-03194K-00.indb 15 2015. 5. 29. 2:21

उचित उपयोग के लिए अतिरिक्त युक्तियाँ

- बिजली चले जाने की स्थिति में अपनी बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय में कॉल करें और पूछें कि यह कब तक आएगी।
- एक या दो घंटो में सुधार ली जाने वाली बिजली विफलताओं से आपके रेफ्रिजरेटर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
  हालाँकि, बिजली न होने पर आपको दरवाज़ा बार-बार नहीं खोलना चाहिए।
- लेकिन अगर बिजली 24 घंटे से अधिक समय तक नहीं आती है, तो सभी जमे भोजन को निकाल दें।
- अगर रेफ्रिजरेटर के साथ चाबियाँ प्रदान की गई हैं, तो चाबियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखना चाहिए और इन्हें उपकरण के पास नहीं छोड़ना चाहिए।
- जब उपकरण को अधिक समय तक उस तापमान की सीमा के अंतिम शीत बिंदु पर चलाया जाता है, तो हो सकता है कि उपकरण संगत रूप से (सामग्रियों के विहिमीकरण की संभावना या जमे भोजन के कंपार्टमेंट में तापमान बहुत गर्म होना) कार्य न करे।
- विशेष खाद्य पदार्थों के मामले में, उन्हें प्रशीतन के तहत रखने से उनके गुणों के संरक्षण पर बुरा असर हो सकता है।
- आपका उपकरण तुषार मुक्त है, जिसका अर्थ है कि अपने उपकरण को मैन्युअल रूप से विहिमीकृत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह स्वचालित रूप से हो जाएगा।
- विहिमीकरण के दौरान तापमान का बढ़ना ISO आवश्यकताओं के अनुपालन में हो सकता है। लेकिन अगर आप उपकरण के विहिमीकरण के दौरान जमें हुए भोजन के तापमान में अनावश्यक वृद्धि से बचना चाहते हैं, तो कृपया जमे हुए भोजन को समाचारपत्रों की कई परतों में लपेट दें।
- विहिमीकरण के दौरान जमे भोजन के तापमान में किसी भी प्रकार की वृद्धि से उसका संग्रहण समय कम हो सकता है।
- उन जमे भोजनों को फिर न जमाएँ जो पूरी तरह पिघल चुकें हैं।
- क्योटो प्रोटोकॉल द्वारा कवर किए जा रहे फ्लोरिनेटेड ग्रीनहाउस गैस समाविष्ट हैं।
  फ्लोरिनेटेड ग्रीनहाउस गैस से झाग उड़ाया गया।
  झाग उड़ाने हेतु योज्य: परफ़्लोरोहेक्सेन
  भूमण्डलीय तापक्रम वृद्धि संभावना
  (GWP) = 9300

DA68-03194K-00.indb 16 2015. 5. 29. 2:21

बिजली की बचत करने की युक्तियाँ

- उपकरण को पर्याप्त हवा वाले एक ठंडे, सूखे कमरे स्थापित करें।
  सुनिश्चित करें कि यह सीधे सूर्य के प्रकाश के संपर्क में नहीं आ रहा है और कभी भी इसे गर्मी के प्रत्यक्ष स्रोत (उदाहरण के लिए रेडिएटर) के पास न रखें।
- ऊर्जा दक्षता के लिए किसी निकास द्वारा और ग्रिल को अवरुद्ध न करने की सिफ़ारिश की जाती है।
- गर्म भोजन को उपकरण में रखने से पहले भोजन को ठंडा होने दें।
- पिघलाने के लिए जमे हुए भोजन को रेफ़्रिजरेटर में रखें।
  तब आप रेफ़्रिजरेटर में भोजन को ठंडा करने के लिए जमे उत्पादों के निम्न तापमानों का उपयोग कर सकते हैं।
- भोजन रखते या बाहर निकालते समय उपकरण के दरवाज़े को बहुत देर तक खोलकर न रखें।
  आप जितने कम समय के लिए दरवाज़ा खोलेंगे, फ़्रीजर में उतनी कम बर्फ जमेगी।
- इंस्टॉल करते समय दाएं, बाएं, पीछे और ऊपर खाली स्थान छोड़ें।
  इससे बिजली की खपत को कम करने और आपके बिजली की बिलों को कम बनाए रखने में मदद मिलेगी।
- ऊर्जा के सबसे प्रभावी उपयोग के लिए, कृपया भीतर की सभी फिटिंग जैसे टोकरी, दराज, शेल्फ़ को उसी स्थान पर रखें जैसा निर्माता द्वारा आपूर्ति किया गया है।

यह उपकरण केवल घरेलू या इसी प्रकार के स्थानों पर उपयोग किए जाने के लिए बनाया गया है, जैसे कि

- दुकानों, कार्यालयों और अन्य कार्यस्थलों में कर्मचारियों के लिए बने रसोईघरों में;
- फ़ार्म हाउस में और होटलों, मोटलों और अन्य आवासीय स्थानों पर क्लाइंट द्वारा;
- विश्राम और खान-पान वाले परिवेश में;
- केटरिंग और इसी प्रकार के गैर-खुदरा स्थानों पर।

DA68-03194K-00.indb 17 2015. 5. 29. 2:21

अपने रेफ्रिजरेटर को सेट करना

रेफ्रिजरेटर को स्थापित करने के लिए तैयार होना

Samsung रेफ्रिजरेटर खरीदने पर आपको बधाई।
हम आशा करते हैं कि आप बहुत सी अत्याधुनिक सुविधाओं और क्षमताओं का आनंद लेंगे जो यह नया उपकरण आपको प्रदान करेगा।

रेफ्रिजरेटर के लिए सर्वोत्तम स्थान का चयन करना

यह चुनें :

- ऐसा स्थान, जहाँ पानी की आपूर्ति आसानी से हो सके।
- ऐसा स्थान, जहाँ सूर्य का प्रकाश सीधा न पड़ता हो।
- समतल (या लगभग समतल) सतह वाला स्थान।
- ऐसा स्थान, जहाँ रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े आसानी से खुल सकें।
- ऐसा स्थान,जहाँ दाएँ, बाएँ, पीछे और ऊपर वायु के प्रवाह के लिए पर्याप्त स्थान हो।
  यदि रेफ्रिजरेटर में पर्याप्त स्थान न हो, तो इससे रेफ्रिजरेटर की कार्यक्षमत और पावर खपत पर गलत प्रभाव पड़ सकता है।
- ऐसा स्थान, जहाँ रखरखाव या सर्विस की आवश्यकता पड़ने पर आप रेफ्रिजरेटर को आसानी से घुमा सकें।
- रेफ्रिजरेटर को ऐसे स्थान पर स्थापित न करें जहाँ तापमान 43 °C से अधिक या 5 °C से कम हो।



गहराई "A"	733 मिमी
चौड़ाई "B"	908 मिमी
ऊँचाई "C"	1797 मिमी
संपूर्ण ऊँचाई "D"	1825 मिमी





- प्रत्येक माप डिज़ाइन के आयाम पर आधारित होता है, इसलिए मापन विधि के आधार पर उसमें भिन्नता हो सकती है।

DA68-03194K-00.indb 18 2015. 5. 29. 2:21

अपने रेफ़्रिजरेटर को स्थानांतरित करते समय

सतह को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए, सुनिश्चित करें कि आगे के समतल करने वाले पाये ऊपरी (सतह से ऊपर) दिशा में हैं।
इस मार्गदर्शिका में पृष्ठ 23 पर दिए "रेफ़्रिजरेटर को समतल करने के तरीके" देखें।

सतह

उचित स्थापना के लिए, रेफ़्रिजरेटर को ऐसी समतल, ठोस सतह पर रखा जाना चाहिए जिसकी ऊँचाई बाकी सतह के समान हो।
यह सतह पूरी तरह से भरे रेफ़्रिजरेटर का समर्थन करने में सक्षम होनी चाहिए।
तल की फ़िनिश को सुरक्षित करने के लिए, कार्डबोर्ड के डब्बे का एक बड़ा भाग काटें और उसे रेफ़्रिजरेटर के नीचे उस स्थान रखें जहाँ आप काम कर रहे हैं।
अपने रेफ़्रिजरेटर को स्थानांतरित करते समय, आपको उसे सीधे आगे या पीछे खींचना होगा।
इसे एक तरफ से दूसरी तरफ न हिलाएँ।



रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े निकालना

यदि रेफ़्रिजरेटर आपके दरवाज़ों से आसानी से निकलने में बहुत बड़ा हो, तो आप रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े खोल सकते हैं।

आपके लिए आवश्यक उपकरण

		
फ़िलिप्स पेचकस (+)	फ़्लैट-ब्लेड स्क्रूड्राइवर (-)	सॉकेट रिंच 10 मिमी
पिलर्स	एलन रिंच (4 मिमी)	एलन रिंच (5 मिमी)

सावधानी

- दरवाज़े और ड्रॉवर निकालने के पहले रेफ़्रिजरेटर का पावर डिस्कनेक्ट कर दें।

- दरवाज़ों/ड्रॉवर को निकालते समय उन्हें नीचे गिरने से बचाने की सावधानी रखें।

- दरवाज़ों/ड्रॉवर को निकालते समय सावधानी का उपयोग करें। दरवाज़े भारी हैं और आपको चोट लग सकती है।
- इनसे बचने के लिए दरवाज़ों/ड्रॉवर को पुनः लगाएं:
- वायु रिसाव से नमी।
- दरवाज़े का असमान संरेखण।
- अनुपयुक्त डोर सील के कारण ऊर्जा व्यर्थ होना।

DA68-03194K-00.indb 19 2015. 5. 29. 2:21

फ़्रिज डोर को अलग कर दें

1. दरवाज़े को बंद रखकर, किसी फ़िलिप्स (+) स्क्रूड्राइवर द्वारा शीर्ष कवर (A) को पकड़े रखने वाले 3 स्क्रू निकालें और फिर लगाए गए संपूर्ण वायर हार्नेस के साथ शीर्ष कवर निकालें।



2. बाएं दरवाज़े पर लगे दोनों वायर हार्नेस और दाएं दरवाज़े पर लगे एक वायर हार्नेस को डिस्कनेक्ट करें।
(यह मॉडल के आधार पर भिन्न हो सकता है।)



3. प्रथम लीवर (B) को खींचें, और फिर उसे आगे खींचें।



4. कब्जा (C) निकालें।



5. फ़्रिज के दरवाज़े को ऊपर उठाएं और उसे बाहर निकालें।

सावधानी
- दरवाज़े को अलग करने और फिर से लगाने के दौरान, यह सुनिश्चित करें कि विद्युत वायर छिल न जाएं।
- दरवाज़े को गिरने न दें।

फ़्रीज़र के दरवाज़ों को अलग करें

सावधानी
- फ़्रीज़र के दरवाज़े को निकालने से पहले फ़्रिज का दरवाज़ा निकालना सुनिश्चित करें।
- अलग करते समय फ़्रीज़र के दरवाज़े के निचले भाग से संलग्न वायर से सावधान रहें।

1. दरवाज़ा खुला रखकर, किसी फ़िलिप्स स्क्रूड्राइवर (+) द्वारा समायोजित किए जा सकने वाले पांव के कवर (A) को पकड़े रखने वाले स्क्रू को निकालें और फिर कनेक्टर (B) को निकालें।



2. फ़्रीज़र के दरवाज़े के ऊपर स्थित दरवाज़े के कब्जे पर मध्य कब्जा कैप (C) को ऊपर उठाएं और निकालें।



DA68-03194K-00.indb 20 2015. 5. 29. 2:21

3. तीर की दिशा में दरवाज़े को धकाते हुए मध्य कब्जा शॉफ़्ट (D) को ऊपर उठाएं।



4. यह सावधानी रखते हुए कि दरवाज़ा मध्य कब्जे (E) को स्पर्श न करे, दरवाज़े को थोड़ा आगे की ओर झुकाएं और फिर उसे निकालने के लिए ऊपर उठाएं।



रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े लगाना

सावधानी

- फ़्रिज के दरवाज़े को पुनः लगाने से पहले फ़्रीज़र का दरवाज़ा पुनः लगाना सुनिश्चित करें।

- पुनः लगाने से पहले, सुनिश्चित करें कि फ़्रीज़र के दरवाज़े के नीचे लगे सभी तार के कनेक्टर कनेक्ट हैं।

फ़्रीज़र का दरवाज़ा पुनः लगाने का तरीका

1. दरवाज़े को निचले कब्जे (A) में (1) की दिशा में डालें और फिर दरवाज़े को (2) की दिशा में धकेलें।
   मध्य-कब्जे (B) से दरवाज़े पर खरोंच न लगने की सावधानी रखें (B)।



सावधानी

- दरवाज़ों के निचले हिस्से पर मौजूद वायर के क्षतिग्रस्त न होने का ध्यान रखें।
  उन पर चढ़ने इत्यादि से बचें।

2. कब्जा शॉफ़्ट (C) को मध्य कब्जे के छिद्र (D) में डालें और कब्जे की कैप (E) लगाएं।

- कब्जा शॉफ़्ट और कब्जा कैप लगाते समय यह सुनिश्चित करें कि वे सही दिशा में लगाई जाएं।



3. दरवाज़ा खुला रखकर, कनेक्टर्स को दरवाज़े के निचले हिस्से में जोड़ें।



- कनेक्टर्स पर खड़े न होने या उन्हें क्षतिग्रस्त न करने की सावधानी रखें।

4. समायोजित किए जा सकने वाले पांव के कवर को फ़िलिप्स (+) स्क्रूड्राइवर का उपयोग करके अटैच करें।



DA68-03194K-00.indb 21 2015. 5. 29. 2:21

फ़्रीज़ का दरवाज़ा पुनः लगाने का तरीका

1. फ़्रिज के अलग किए गए दरवाज़े को मध्य कब्जे पर लगाएं।

2. फ़्रिज के कब्जे (A) को फ़िक्सिंग स्लॉट में स्लाइड करें और फिर उसे नीचे की ओर दबाएं ताकि वह दरवाज़े के छिद्र से संरेखित हो जाए।



3. फ़िक्स्ड लीवर (B) को तीर की दिशा में डालें और फिर उसे लगाने के लिए नीचे फ़्लिप करें।



4. वायर कनेक्टर लगाएं।



5. शीर्ष कवर के अगले भाग को लगाएं और फिर उसके पिछले भाग को तब तक नीचे दबाएं जब तक कि वह समतल न लग जाए।
स्क्रू को पुनः लगाए।



सावधानी

- दरवाज़े को इसे निकालने के विपरीत क्रम में लगाएँ। यह फ़्रीज़ और फ़्रीज़र के दरवाज़े दोनों के लिए समान है।
- जब वायर कनेक्टर्स क्रॉस असेम्बल किए जा रहे हों, तो हो सकता है कि डिस्प्ले सामान्य तरीके से कार्य न करे।

DA68-03194K-00.indb 22 2015. 5. 29. 2:21

रेफ़्रिजरेटर को समतल करना और ऊँचाई और दरवाज़ों के अंतर को समायोजित करना

रेफ़्रिजरेटर को समतल कैसे करें

रेफ़्रिजरेटर की अस्थिरता के कारण होने वाले खतरों से बचने के लिए, कृपया रेफ़्रिजरेटर को क्षैतिज सपोर्ट पर रखें और उसे स्थापना के निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार समतल रखें।
ऐसा करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप रेफ़्रिजरेटर पलट सकता है और चोट लग सकती है।
यदि उपकरण का सामने का भाग, पिछले भाग से थोड़ा सा ऊँचा हो, तो दरवाज़े को अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है।
रेफ़्रिजरेटर को असमान समतल पर सेट अप करने पर रेफ़्रिजरेटर अस्थिर हो सकता है।

- रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करते समय उसके पांव सतह के स्पर्श में निश्चित रूप से होने चाहिए।
  पांव प्रत्येक दरवाज़े के निचले भाग के पीछे होने चाहिए।
  इसे फ़्लैटहेड स्क्रूड्राइवर से डालें और तीर की दिशा में कसें।

यदि रेफ़्रिजरेटर को ऐसी सतह पर रखा गया है, जो समतल नहीं है, तो इससे दरवाज़ों के बीच ऊंचाई का अंतर उत्पन्न हो सकता है।

- लेवलिंग लेग कंट्रोल लीवर के स्लॉट में एक फ़्लैट हेड (-) स्क्रूड्राइवर डालें और कंट्रोल लीवर को घड़ी की दिशा में या घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाते हुए स्तर को समायोजित करें।
  जब आप लीवर को घड़ी की दिशा में घुमाते हैं, तो आप रेफ़्रिजरेटर को उठाते हैं।
  जब आप लीवर को घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाते हैं, तो आप रेफ़्रिजरेटर को नीचे करते हैं।



- यदि रेफ़्रिजरेटर पीछे और आगे से समान स्तर पर नहीं है, तो कोई ठोस पैनल (जैसे कोई प्लास्टिक पैनल, कोई प्लास्टिक रूलर इत्यादि) को सतह पर रखें, जिस पर पिछले पांव जम सकें, और फिर उसे उस स्थान पर प्लास्टिक टेप से लगा दें।
  जब आप रेफ़्रिजरेटर को अंदर धकेलते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि इसके पिछले पाँव पैनल पर टिके हों।

- यदि आपके पास कोई लकड़ी की सतह या समान नर्म सतह है, तो रेफ़्रिजरेटर को इसके स्थान पर धकेलते समय सतह के क्षतिग्रस्त न होने की सावधानी रखें।

DA68-03194K-00.indb 23 2015. 5. 29. 2:21

दरवाज़े की ऊँचाई समायोजित करने का तरीका

यदि दरवाज़ों में से कोई भी, अन्य से निचले स्तर पर हो:



- यह जांच करें कि क्या दरवाज़े को समायोजित करने के पहले रेफ़्रिजरेटर को समान स्तर पर रखा गया है।
- दरवाज़े की ऊंचाई के अंतर को दिखाए अनुसार दरवाज़े और कब्जे के बीच स्नैप रिंग (1) डालकर समायोजित करें।
  आप फ़्रेश फूड कंपार्टमेंट की दाईं ओर के दरवाज़े पर और फ़्रीज़र कंपार्टमेंट के दोनों ओर रिंग्स का उपयोग कर सकते हैं।



- ऊंचाई के अंतर की जांच करने के बाद, उपयुक्त मोटाई वाली एक स्नैप रिंग का चयन करें। केवल एक स्नैप रिंग डालें, दो या इससे अधिक स्नैप रिंग डालने से स्नैप रिंग फिसल सकती हैं या रगड़ की आवाज़ हो सकती है।
- निचले दरवाज़े को ऊपर उठाएं और दरवाज़े और कब्जे के बीच के स्थान में स्नैप रिंग डालें।

सावधानी
- चोट लगने से बचने के लिए, स्नैप रिंग्स को सावधानीपूर्वक डालें या निकालें।
- स्नैप रिंग्स को बच्चों की पहुँच से दूर रखें और सुनिश्चित करें कि बच्चे उनके साथ न खेलें या उन्हें अपने मुँह में न डालें।

- रेफ़्रिजरेटर के साथ 1 मिमी, 1.5 मिमी, 2 मिमी, और 2.5 मिमी स्नैप रिंग्स आती हैं।
- यदि रेफ़्रिजरेटर को भोजन से लोड करने से पहले समान स्तर पर नहीं रखा जाता है, तो वह भोजन के वज़न के कारण असंतुलित हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो समान प्रक्रिया का उपयोग करके स्तर को पुनः समायोजित करें।
- यदि आप दरवाज़े को बहुत ऊँचा उठाते हैं, तो इस पर शीर्ष कवर से रगड़ लग सकती है।

रेफ़्रिजरेटर के साथ सम्मिलित की गई स्नैप रिंग्स:

दरवाज़ों के अंतर को समायोजित करने का तरीका

यदि बाएं और दाएं फ़्रिज कंपार्टमेंट दरवाज़ों का के बीच का अंतर समान नहीं है।



- आप कोल्ड स्टोरेज कंपार्टमेंट दरवाज़े के ऊपर दाएं स्थित बोल्ट को घुमा कर अंतर को समायोजित कर सकते हैं।
- बोल्ट को बहुत अधिक न घुमाएं। हो सकता है कि यह टूट जाए।

1. दरवाज़ों को बंद रखकर, किसी फ़िलिप्स (+) स्क्रूड्राइवर का उपयोग करके शीर्ष कवर (A) को पकड़े रखने वाले 3 स्क्रू निकालें और फिर कनेक्ट की गई केबल्स के साथ उसे एक साथ ऊपर उठाएं।



2. अंतर को समायोजित करने के लिए बोल्ट को किसी 4 मिमी हेक्सागोनल L-रेंच से घुमाएं।



3. अंतर को बढ़ाने के लिए बोल्ट को घड़ी की दिशा में ( ) घुमाएं। अंतर को कम करने के लिए बोल्ट को घड़ी की विपरीत दिशा में ( ) घुमाएं।

DA68-03194K-00.indb 24 2015. 5. 29. 2:21

उत्पाद की विशेषताएं

- **तीन गुना कूलिंग**

- फ़्रीज़र/फ़्रेश फ़ूड कंपार्टमेंट/कन्वर्टिबल कंपार्टमेंट प्रत्येक कन्डेंसर का उपयोग करके इष्टतम तापमान/नमी बनाए रख सकते हैं।
  और साथ ही गंध भी नहीं मिलेगी।

- **फ़्लेक्स क्षेत्र**

- यह फ़्रीज़र/कूलिंग/ठंडा चयन/पतली बर्फ़ विकल्पों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के संग्रहण में सक्षम है।

- **चिल**

- निर्धारित तापमान तकनीक ताज़ापन बनाए रखेगी।

DA68-03194K-00.indb 25 2015. 5. 29. 2:21

अपने Samsung रेफ़्रिजरेटर को संचालित करना

नियंत्रण पैनल का उपयोग करना

सामान्य मॉडल



(1) Fridge (फ़्रिज)

फ़्रिज को 1 °C और 7 °C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Fridge (फ़्रिज) बटन स्पर्श करें।
डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान 3 °C पर सेट होता है और Fridge (फ़्रिज) बटन को बार-बार स्पर्श करने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।



(2) CoolSelect+ (ठंडा चयन कक्ष)

ठंडा चयन कक्ष रेफ़्रिजरेटर के निचले दाएँ कोने में स्थित होता है।
CoolSelect बटन ठंडा चयन कक्ष को 4 में से एक सेटिंग पर बदलता है; फ़्रीज़र, सॉफ़्ट फ़्रीज़िंग, चिल और कूल।
ठंडा चयन कक्ष सेटिंग को बदलने के लिए, बटन को कम से कम 3 सेकंड के लिए दबा कर रखें और फिर जब इच्छित मोड का चयन कर लिया जाए तो बटन को छोड़ दें।
बटन स्पर्श करने के 3 सेकंड के बाद मोड 1 सेकंड के अंतरालों पर परिवर्तित हो जाता है।

Freezer (फ़्रीज़र)

फ़्रीज़र के समान तापमान सेट करने के लिए फ़्रीज़र का चयन करें।

- इस सेटिंग का उपयोग जमे हुए भोजन को रखने के लिए करें।

Soft Freezing (सॉफ़्ट फ़्रीज़िंग)

तापमान को -5 °C पर सेट करने के लिए सॉफ़्ट फ़्रीज़िंग का चयन करें।

- इस सेटिंग का उपयोग मांस और मछलियों को फ़्रिज में अधिक समय तक रखने के लिए करें।

Chill (चिल)

तापमान को -1 °C पर सेट करने के लिए चिल का चयन करें।

- इस सेटिंग का उपयोग डेली स्टीक, मछली, बेकन और चीज़ को रखने के लिए करें।

Cool (ठंडा)

Cool (ठंडा) का उपयोग 2 °C तापमान सेट करने के लिए करें।

- इस सेटिंग का उपयोग पेय पदार्थ (जूस, सॉफ़्ट ड्रिंक और बियर) सब्ज़ियां, फल इत्यादि रखने के लिए करें।

DA68-03194K-00.indb 26 2015. 5. 29. 2:21

सावधानी

- [Freezer] फ़ंक्शन का उपयोग करने के बाद इसके फ़ंक्शन को परिवर्तित करने के लिए, मांस या जलयुक्त भोजन से मांस-रक्त या जल बाहर आ सकता है।

- यदि मांस या मछली को [Fridge] की सेटिंग पर संगहीत किया जाता है, तो यह खराब हो सकते हैं।
  यदि भोजन को Cool Select (ठंडा चयन) रूम की सेटिंग के अनुसार संग्रहीत किया जाता है, तो भोजन जम सकता है या खराब हो सकता है।

- जब बटन कार्य नहीं करती है, तो यह जांचे कि क्या यह लॉक पर सेट है।
  जब यह लॉक की गई हो, तो लॉक/अनलॉक करें बटन को 3 सेकंड या इससे अधिक समय तक तब तक दबाएं, जब तक कि अनलॉक आइकन ( ) प्रकाशमान न हो जाए।
  और फिर Cool Select (ठंडा चयन) रूम को 3 सेकंड या इससे अधिक समय के लिए स्पर्श करके सेटिंग परिवर्तित करें।
- जब सेटिंग पूर्ण हो, तो यह जांच करने के लिए डिस्प्ले की फिर से जांच करें कि क्या सेटिंग सही है।

(3) Freezer (फ़्रीज़र)

फ़्रीज़र को -15 °C और -23 °C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Freezer (फ़्रीज़र) बटन स्पर्श करें।
डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान -19 °C पर सेट होता है और Freezer (फ़्रीज़र) बटन को बार-बार स्पर्श करने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।

-18 °C – -19 °C – -20 °C – -21 °C – -22 °C – -23 °C
-17 °C – -16 °C – -15 °C – पॉवर फ़्रीज़

- जब फ़्रिज या फ़्रीज़र घटकों का तापमान असामान्य रूप से बढ़ता है, तो फ़्रीज़र या फ़्रिज तापमान संकेतक ब्लिंक करेगा।
  (जब फ़्रिज या फ़्रीज़र घटकों का तापमान सामान्य हो जाता है, तो फ़्रीज़र या फ़्रिज तापमान संकेतक ब्लिंक करना बंद कर देगा। यदि तापमान संकेतक कुछ घंटों, के बाद ब्लिंक करना नहीं रुकता है, तो कृपया अपने सर्विस सेंटर से संपर्क करें।

Power Freezer (पॉवर फ़्रीज़र)

पावर फ़्रीज़ प्रकार्य, फ़्रीज़र कंप्रेसर की गति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा देता है, जिसके कारण फ़्रीज़र आपके द्वारा चुने गए तापमान तक तेज़ी से ठंडा होता है।
यदि आपको किसी आइटम को तेज़ी से फ़्रीज़ करने की, अधिक मात्रा में बर्फ़ बनाने की या फ़्रीज़र के तेज़ी से गर्म होने पर (उदाहरण के लिए दरवाज़े को खुला छोड़ देने पर) उसे तेज़ी से ठंडा करने की आवश्यकता हो, तो पावर फ़्रीज़ उपयोगी होता है।
पावर फ़्रीज़ प्रकार्य को मैन्युअल रूप से बंद करने के लिए फ़्रीज़र बटन स्पर्श करें और फिर फ़्रीज़र का तापमान रिसेट करें।
पावर फ़्रीज़, ऊर्जा की खपत के लिए 50 घंटों के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाता है।
जब पावर फ़्रीज़ फ़ंक्शन स्वचालित रूप से रुक जाता है, तो यह फ़्रीज़र तापमान को -19 °C पर स्वचालित रूप से सेट कर देता है।
जब आप इस फ़ंक्शन का उपयोग करेंगे तो रेफ़्रिजरेटर की ऊर्जा खपत बढ़ जाएगी।
यदि आपको बड़ी मात्रा में भोजन फ़्रीज़ करने की जरूरत हो, तो कम से कम 20 घंटे पहले पावर फ़्रीज़ प्रकार्य सक्रिय करें।

(4) Lock Unlock (लॉक करना अनलॉक करना)

इस बटन को 3 सेकंड के लिए स्पर्श करने पर यह सभी बटन को लॉक कर देता है, अतः बटनों का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
साथ ही, सभी बटनों को अनलॉक करने के लिए इस बटन का उपयोग 3 सेकंड के लिए पुनः करें।

DA68-03194K-00.indb 27 2015. 5. 29. 2:21

एग्ज़िबिशन मोड रद्द करना

सावधानी

- एग्ज़िबिशन मोड के मामले में, यह कार्य करता हुआ लगता है, लेकिन यह ठड़ी हवा उत्पन्न नहीं करता है।
  जब रेफ़्रिजरेटर सामान्य रूप से कार्य कर रहा हो, तो इस मोड को रद्द करने के लिए, लॉक और फ़्रीज़ कुंजियों को 6 सेकंड एक साथ दबा कर रखने से संपूर्ण डिस्प्ले पैनल लगभग 4 सेकंड के लिए हर 0.5 सेकंड में ब्लिंक करेगा।
  4 सेकंड के दौरान जबकि पूरा डिस्प्ले पैनल ब्लिंक करता है, यदि आप लॉक और फ़्रिज कुंजियों को छोड़ते हैं और "डिंग-डांग" ध्वनि आने तक आप फ़्रीज़र कुंजी को स्पर्श करते हैं।
  या आप पावर बंद करके एग्ज़िबिशन को रद्द कर सकते हैं।

तापमान को नियंत्रित करना

अनुशंसित फ़्रीज़र और फ़्रिज कंपार्टमेंट तापमान

फ़्रीज़र और फ़्रिज कंपार्टमेंट के अनुशंसित तापमान क्रमशः -19 °C और 3 °C हैं। यदि Freezer (फ़्रीजर) और Fridge (फ़्रिज) कम्पार्टमेंट का तापमान बहुत अधिक या कम हो, तामपान को मैन्युअल रूप से समायोजित करें।

फ़्रीज़र का तापमान नियंत्रित करना

अनुशंसित तापमान (फ़्रीज़र) : -19 °C

Freezer (फ़्रीज़र)

फ़्रीज़र को -15 °C और -23 °C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Freezer (फ़्रीज़र) बटन स्पर्श करें।
डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान -19 °C पर सेट होता है और Freezer (फ़्रीज़र) बटन को बार-बार स्पर्श करने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।

DA68-03194K-00.indb 28 2015. 5. 29. 2:21



- जब फ़्रिज या फ़्रीज़र घटकों का तापमान असामान्य रूप से बढ़ता है, तो फ़्रीज़र या फ़्रिज तापमान संकेतक ब्लिंक करेगा।
  जब फ़्रीज़र या फ़्रिज का तापमान सामान्य हो जाता है, तो फ़्रीज़र या फ़्रिज का तापमान संकेतक ब्लिंक करना बंद कर देता है।
  यदि तापमान संकेतक कुछ घंटों, के बाद ब्लिंक करना नहीं रुकता है, तो कृपया अपने सर्विस सेंटर से संपर्क करें।

फ़्रिज का तापमान नियंत्रित करना

अनुशंसित तापमान (फ़्रिज) : 3 °C

फ़्रिज को 1 °C और 7 °C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Fridge (फ़्रिज) बटन स्पर्श करें।
डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान 3 °C पर सेट होता है और Fridge (फ़्रिज) बटन को बार-बार स्पर्श करने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।



- जब आप दरवाज़ों को बहुत ज्यादा बार खोलते हैं या अगर बड़ी मात्रा में गर्म भोजन रेफ़्रिजरेटर में रखा जाता है तो फ़्रीज़र, फ़्रिज या कूल सिलेक्ट कक्ष का तापमान बढ़ सकता है।

- इसके कारण डिजिटल प्रदर्शन चमकने लगता है।
  फ़्रीज़र और फ़्रिज जब सामान्य तापमान पर वापस लौट जाते हैं तो चमकना बंद हो जाता है।
- अगर चमकना जारी रहता है, तो हो सकता ही आपको रेफ़्रिजरेटर को "रीसेट" करना पड़े।
  उपकरण का प्लग निकालें, लगभग 10 मिनट तक प्रतीक्षा करें और फिर बिजली के तार को वापस लगाएँ।
- यदि डिस्प्ले और मुख्य नियंत्रक के बीच कोई संचार त्रुटि होती है, तो डिस्प्ले ब्लिंक हो सकता है, “E-PC” लाइट ब्लिंक हो सकती है।
  यदि ब्लिंकिंग लंबे समय तक जारी रहती है, तो कृपया Samsung Electronics के सर्विस सेंटर पर संपर्क करें।

DA68-03194K-00.indb 29 2015. 5. 29. 2:21

पुर्ज़े और सुविधाएँ

रेफ़्रिजरेटर के पुर्ज़ों और सुविधाओं को और अच्छे से जानने के लिए इस पृष्ठ का उपयोग करें।



इस मॉडल के फ़्रीज़र के दरवाज़े के गाईस, शीर्ष गार्ड को छोड़कर दो स्टार सेक्शन होते हैं, अतः दो स्टार सेक्शन का तापमान अन्य फ़्रीज़र कंपार्टमेंट के तापमान से कुछ अधिक होता है।
दो स्टार सेक्शन (**1**) हैं।

दरवाज़ा बंद करते समय, अन्य दरवाज़े पर खरोंच लगने से बचने के लिए यह सुनिश्चित करें कि लम्बवत कब्जा अनुभाग सही पोज़िशन में हो। यदि लम्बवत कब्जा अनुभाग को विपरीत हो जाता है, तो उसे मौजूदा स्थिति में रखें और फिर दरवाज़ा बंद करें।
कभी कभी लम्बवत कब्जा सेक्शन में नमी दिखाई दे सकती है।
दरवाज़े का हैंडल समय के साथ ढीला हो सकता है।
यदि ऐसा होता है, तो दरवाज़े के भीतर मिलने वाले बोल्ट्स को कसें।
यदि आप किसी एक दरवाज़े को अत्यधिक बल से बंद कर देते हैं, तो दूसरा दरवाज़ा खुल सकता है।

यदि आंतरिक या बाहरी LED लैंप खराब हो जाता है, तो कृपया Samsung सेवा से संपर्क करें।

DA68-03194K-00.indb 30 2015. 5. 29. 2:21

बर्फ़ संग्रहण बॉक्स

यह बर्फ़ के क्यूब्स संग्रहीत करने के लिए होता है।
जब बर्फ़ की कोई खपत न हो, तो अधिक संग्रहण स्थान प्राप्त करने के लिए कंटेनर को रेफ्रिजरेटर के बाहर ले जाएं।

बर्फ़ स्टोरेज बॉक्स का उपयोग कैसे करें

1. सपोर्ट आइस ट्रे
- बर्फ़ की सपोर्ट ट्रे, यह किसी भी बाहरी पदार्थ को बर्फ़ में प्रविष्ट होने से रोकती है।

2. बर्फ़ की ट्रे
- इसका उपयोग बर्फ़ के क्यूब बनाने के लिए किया जाता है।

3. बर्फ़ का पात्र
- इसका उपयोग बनाए जा रहे बर्फ़ के क्यूब संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

- बर्फ़ ट्रे नॉब को घड़ी की दिशा ( ) में घुमा कर बनाए जा रहे बर्फ़ के क्यूब संग्रहीत करें।
- हो सकता है कि सभी बर्फ़ के क्यूब एक बार में ट्रे से अलग न हों।
  यदि ऐसा होता है तो बर्फ़ की ट्रे को एकाधिक बार मोड़ें।
- जमी हुई ग्रीन टी या दूध को बर्फ़ की ट्रे से अलग करना कठिन हो सकता है।
- बर्फ़ के पात्र को ऊपर उठाएं और उसे निकालने के लिए बाहर निकालें।





सावधानी
- बर्फ़ के क्यूब के संग्रहण के लिए किसी पारदर्शी बर्फ़ के पात्र में पानी न भरें। बर्फ़ का पात्र क्रैक हो सकता है।

- पारदर्शी बर्फ़ के पात्र के निचले भाग में एक जल ड्रेन छिद्र होता है, जिसे पानी अंदर रुकने से बचाने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।
- शून्य से अधिक तापमान पर बर्फ़ के क्यूब संग्रहीत करते समय, आइस पिघल कर बर्फ़ के पात्र से बाहर बह सकती है।
- बर्फ़ कुछ समय तक पावर बंद रहने के कारण पिघल कर बर्फ़ के पात्र से बाहर निकल सकती है।
  इसके साथ ही, जब पिघला कर बना हुआ पानी फिर से जम जाता है, तो इससे बर्फ़ का पात्र टूट सकता है।
  (पिघल कर बने हुए पानी को निकालने के बाद बर्फ़ के पात्र का उपयोग करें।)

रेफ्रिजरेटर के सहायक उपकरणों को निकलना

1. दरवाज़े का पात्र या गार्ड कंपार्टमेंट
- निकालने के लिए - बस पात्र को थोड़ा ऊपर उठाएं और सीधा बाहर खींच लें।
- पुनर्स्थापित करने के लिए - उसे वांछित पोज़िशन के ऊपर तक स्लाइड इन करें और नीचे धकेलें जब तक कि यह रुक नहीं जाता है।

सावधानी
- यदि दरवाज़े का पात्र दरवाज़ों से दृढ़ता से जुड़ी हुई नहीं हैं, तो चोट लग सकती हैं।
  बच्चों को इससे लंबे समय तक खेलने की अनुमति न दें।
  पात्र के नुकीले किनारों से चोट लग सकती है।

- भोजन से भरे पात्र को समायोजित न करें।
  सबसे पहले भोजन को निकालें।



- धूल को निकालने की विधि - गार्ड को निकालें और उसे पानी से धोएं।

- यदि यह उपयोग के बाद बर्फ़ से मैला हो गया हो, तो उसे पानी में धोएं।



DA68-03194K-00.indb 31 2015. 5. 29. 2:21

2. टेम्पर किए गए ग्लास शेल्फ़

- निकालने के लिए - शेल्फ़ के सामने का भाग दिखाई गई दिशा (1) में मोड़ें और उसे लम्बवत (2) ऊपर उठाएं। शेल्फ़ को बाहर खींचें।
- पुनर्स्थापित करने के लिए - शेल्फ़ के सामने का भाग ऊपर झुकाएं और शेल्फ़ के हुक को स्लॉट में वांछित ऊंचाई पर निर्देशित करें।
  इसके बाद, शेल्फ़ के सामने वाले भाग को नीचे करें ताकि हुक स्लॉट में गिर जाएं।

सावधानी

- टेंपर किए गए ग्लास शेल्फ़ भारी होते हैं। उन्हें निकालते समय विशेष सावधानी का उपयोग करें।



3. सब्ज़ी और फ़ल के ड्रॉवर (EZ फ़्रेश क्षेत्र)

- ड्रॉवर को एक हाथ से पकड़ कर, उसे आगे की ओर खींचते हुए थोड़ा ऊपर उठाएं और फिर उसे रेफ़्रिजरेटर से बाहर खींचें।

- दरवाज़ा के पात्र को होने वाले नुक्सान से बचाने के लिए ड्रॉवर निकालने के पहले दरवाज़े का पात्र निकालें।



रेफ़्रिजरेटर को साफ करना

चेतावनी

- रेफ़्रिजरेटर की सफाई के लिए बेंजीन, थिनर या क्लोरोक्स या कार डिटर्जेंट का उपयोग न करें। वे उपकरण की सतह को क्षति पहुँचा सकते हैं और आग लगा सकते हैं।

- बिजली का प्लग लगा होने पर रेफ़्रिजरेटर पर पानी का स्प्रे न करें, इससे बिजली का झटका लग सकता है।

- रेफ़्रिजरेटर को साफ करने के लिए, निम्न चरणों का पालन करें:

1. रेफ़्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग से निकाल दें।
2. मुलायम रोएँ रहित कपड़े या काग़ज के तौलियो को थोड़ा पानी में भिगाएँ।

रेफ़्रिजरेटर को साफ़ करने के लिए किसी भी प्रकार के डिटर्जेंट का उपयोग न करें क्योंकि इससे रेफ़्रिजरेटर का रंग उड़ सकता है या उसे क्षति पहुंच सकती है।

3. रेफ़्रिजरेटर के साफ और सूखा होने तक उसे भीतर और बाहर से पोछें।
4. रेफ़्रिजरेटर के पावर कोड को प्लग में लगाएँ।

आंतरिक लाइट बदलना

फ़्रीज़र / फ़्रिज LED लैंप

- अगर LED लैंप कवर बाहरी पदार्थों से गंदा हो गया है, तो हो सकता है कि LED लैंप स्पष्ट प्रकाश न दे। पूरी चमकती रौशनी वापस पाने के लिए सतही कवर को साफ सूखे कपड़े से साफ करें।

सावधानी

- LED टाइप को स्वयं न निकालें या प्रतिस्थापित न करें।
  LED लाइट प्रतिस्थापित करने के लिए, Samsung सेवा केंद्र या अपने प्राधिकृत Samsung डीलर से संपर्क करें।

अगर आप स्वयं LED लैंप को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करते हैं, तो आप बिजली के झटके या गंभीर निजी चोट का जोखिम उठाते हैं।

DA68-03194K-00.indb 32 2015. 5. 29. 2:21

समस्या-निवारण

समस्या	समाधान
रेफ़्रिजरेटर बिल्कुल कार्य नहीं कर रहा है या यह पर्याप्त रूप से ठंडा नहीं कर रहा है।	• जाँचें कि पावर प्लग समुचित रूप से कनेक्ट है। • जाँचें कि डिजिटल डिस्प्ले पर सेट किया गया तापमान फ़्रीज़र या फ़्रिज के आंतरिक तापमान से अधिक है। यदि ऐसा है, तो फ़्रीज़र या फ़्रिज को ठंडे तापमान में रखें। • क्या रेफ़्रिजरेटर सीधी धूप में या किसी गर्म स्रोत के पास स्थित है? यदि हाँ, तो वह पर्याप्त रूप से ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। इसे ऐसी जगह पर स्थापित करें जहाँ सीधे धूप न पड़ती हो और ताप स्रोत समीप न हो। • क्या रेफ़्रिजरेटर का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है और उचित वायु-निकास को अवरूद्ध कर रहा है? यदि हाँ, तो वह पर्याप्त रूप से ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। उसे दीवार से उचित दूरी पर रखें। • क्या अंदर बहुत अधिक खाद्य-सामग्री है जिससे खाद्य-पदार्थ निकास वायु-मार्ग को बाधित कर रहा है? रेफ़्रिजरेटर को उपयुक्त तापमान पर रखने के लिए, रेफ़्रिजरेटर में बहुत अधिक खाद्य-सामग्री न भरें।
फ़्रिज में रखा भोजन जमा हुआ है।	• जाँच करें कि डिजिटल डिस्प्ले पर सेट किया गया तापमान बहुत कम है। यदि ऐसा है, तो रेफ़्रिजरेटर के भीतर का तापमान बढ़ा कर उसे सेट करें। • क्या कमरे का तापमान बहुत कम है? रेफ़्रिजरेटर को गर्म पर सेट करें। • क्या आपने फ़्रिज के सबसे ठंडे भाग में या कूलिंग आउटलेट वेंट में पानी की अधिक मात्रा वाला भोजन संग्रहीत किया है? उन आइटम को फ़्रिज के अधिक ठंडे क्षेत्रों या पात्रों में रखने के बजाय फ़्रिज की अलग शेल्फ़ में रखने का प्रयास करें।
आपको असामान्य शोर या ध्वनियाँ सुनाई देती हैं।	• जाँचें कि क्या रेफ़्रिरजरेटर संतुलित और स्थिर है। • क्या रेफ़्रिजरेटर का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है और उचित वायु-निकास को अवरूद्ध कर रहा है? • क्या रेफ़्रिजरेटर के पीछे या नीचे कोई चीज़ गिर गई है? • अगर आपके उपकरण के भीतर "टिक-टिक" की आवाज़ सुनाई दे सकती है; यह सामान्य है। जब तापमान परिवर्तन के कारण विविध साहयक उपकरण संकुचित या विस्तृत होते हैं तब टिक-टिक की आवाज़ सुनाई देती है। • यदि ऐसी आवाज़ आती है, जैसे कोई चीज़ किसी चीज़ से टकरा रही है, या कुछ अन्य चीज़ रेफ़्रिजरेटर के भीतर है, तो यह सामान्य है। यह ध्वनि, उच्च क्षमता पर संचालित होने वाले कंप्रेशर द्वारा उत्पन्न होती है।
उपकरण केबिनेट दरवाजा सीलिंग क्षेत्र गर्म हैं और संघनन हो रहा है।	• थोड़ी गर्मी सामान्य है क्योंकि संघनन से बचने के लिए रेफ़्रिजरेटर के लम्बवअत कब्जा अनुभाग में संघनन रोधी लगे हैं। • क्या रेफ़्रिजरेटर का दरवाज़ा थोड़ा सा खुला है? अगर आप दरवाज़े को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं तो संघनन हो सकता है।
आप रेफ़्रिजरेटर में पानी के बुदबुदाने की आवाज़ सुन सकते हैं।	• यह सामान्य है। बुदबुदाने की आवाज़ रेफ़्रिजरेटर से होकर रेफ़्रिजरेंट के वितरण के कारण आती है।

DA68-03194K-00.indb 33 2015. 5. 29. 2:21

समस्या	समाधान
रेफ़्रिजरेटर के भीतर बदबू हो रही है।	• खराब हो चुके भोजन के लिए जाँच करें। • तेज़ गंध वाले भोजन (उदाहरण के लिए मछली) को कस कर कवर किया गया होना चाहिए। • समय-समय पर अपने फ़्रीज़र की सफ़ाई करें और किसी भी खराब या संदेहास्पद भोजन के फेंक दें।
फ़्रीज़र की दीवारों पर तुषार जम गया है।	• क्या वायु छिद्र अवरोधित हैं? किसी भी अवरोध को निकाल दें ताकि वायु स्वतंत्रता से प्रवाहित हो सके। • प्रभावी वायु प्रवाह के लिए संग्रहीत भोजन के बीच पर्याप्त स्थान रखें। • क्या फ़्रीज़र का दराज़ ठीक से बंद है?
ऑटो क्लोज़ सिस्टम फ़्रीज़र के दरवाज़े के साथ कार्य नहीं करता।	• क्या दरवाज़े के दाएं और बाएं भागों में कोई असंतुलन मौजूद है? • दरवाज़े को धीरे से 1~2 बार खोलें और बंद करें। आपके द्वारा यह कर लेने पर, ऑटो क्लोज़ सिस्टम सामान्य रूप से फिर से उचित कार्य करने लगता है। • दरवाज़े के दाएं भाग और बाएं भाग के असंतुलन से बचने के लिए दरवाज़े को धीरे से खोलने का प्रयास करें।

DA68-03194K-00.indb 34 2015. 5. 29. 2:21

मेमो

परिवेशी कक्ष तापमान सीमाएँ

इस रेफ़्रिजेरटर को उस परिवेशी तापमान में संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो रेटिंग प्लेट पर चिह्नित इसकी तापमान श्रेणी द्वारा निर्दिष्ट है।

श्रेणी	प्रतीक	परिवेशी तापमान सीमा (°C)	
		IEC 62552 (ISO 15502)	ISO 8561
विस्तृत परिमित	SN	+10 से +32 तक	+10 से +32 तक
परिमित	N	+16 से +32 तक	+16 से +32 तक
उपोष्णकटिबंधीय	ST	+16 से +38 तक	+18 से +38 तक
उष्णकटिबंधीय	T	+16 से +43 तक	+18 से +43 तक

फ़्रिज/फ़्रीज़र के स्थान, परिवेश के तापमान और आपके द्वारा दरवाज़ा खोले जाने की आवृत्ति जैसे कारकों से रेफ़्रिजरेटर का आंतरिक तापमान प्रभावित हो सकता है। इन कारकों की प्रतिपूर्ति करने के लिए तापमान को आवश्यकतानुसार समायोजित करें।

हिंदी

इस उत्पाद का सही निपटान

(अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण)

(पृथक संग्रहण प्रणालियों वाले देशों में लागू)

इस उत्पाद, सहायक उपकरणों या इसके दस्तावेज़ों पर स्थित चिह्नांकन दर्शाता है कि इस उत्पाद, इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों (जैसे चार्जर, हैडसेट, USB केबल) का जीवनकाल समाप्त होने पर उनका निपटान अन्य घरेलू कचरे के साथ नहीं किया जाना चाहिए। अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान से पर्यावरण और मनुष्यों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए, कृपया इन आइटम को अन्य प्रकार के कचरे से अलग कर दें और सामग्री संसाधनों के दीर्घकालिक पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें ज़िम्मेदारी से रिसाइकल करें।

पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित रिसाइकलिंग के लिए उत्पाद कहाँ और कैसे ले जाना है, इसके विवरण के लिए घरेलू उपयोगकर्ताओं को या तो उस विक्रेता से संपर्क करना चाहिए जिससे उन्होंने उत्पाद खरीदा था या अपने स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को अपने आपूर्तिकर्ता से संपर्क करना चाहिए और खरीद अनुबंध की नियम और शर्तें जाँचनी चाहिए। यह उत्पाद और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों को निपाटन के लिए अन्य वाणिज्यिक कचरे का साथ नहीं मिलाना चाहिए।

SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें
यदि Samsung उत्पादों के बारे में आपके कोई प्रश्न या टिप्पणियां हैं,
कृपया SAMSUNG ग्राहक सहायता केंद्र से संपर्क करें।

Samsung India Electronics Pvt. Ltd. 2रा, 3रा और 4था तल, टॉवर--C, विपुल टेक स्क्वॉयर,
सेक्टर 43, गोल्फ़ कोर्स रोड, गुड़गाँव, हरियाणा, भारत-122002
1800 3000 8282 - टोल फ़्री
1800 266 8282 - टोल फ़्री
www.samsung.com/in/support

This product is RoHS compliant

DA68-03194K-00